प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2 सौ 50 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा रीवर फ्रंट।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– परिवहन क्षेत्र में पारदर्शिता, सड़क सुरक्षा और हरित मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- मंत्रिमंडल द्वारा 3 साल में लिए गए निर्णयों में से एक हज़ार एक सौ 16 निर्णय पूरी तरह लागू।
- जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकी मुठभेड़ के बाद चंबा ज़िला की सीमाओं पर बढ़ाई गई चौकसी।
- प्रदेश में 22 और 23 जनवरी को अधिकांश स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना।

विंटर कार्निवाल

मनाली का राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आज शुरू हो गया। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने माता हिडिंबा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मुख्यमंत्री ने विंटर कार्निवाल की झांकियों को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस मौके पर मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2 सौ 50 करोड़ रूपये की लागत से रीवर फ्रंट विकसित करने की घोषणा की।

*250 करोड़ की लागत से मनाली के साथ रिवर फ्रंट बनाने जा रहे हैं। जहां टूरिस्ट भी आयेंगे और आप लोग भी उस रिवर फ्रंट पर बैठकर ब्यास नदी का लुत्फ उठाएंगे। इसके लिए मैं जल्दी ही स्वीकृति देने जा रहा हूं। कुक्कट और मनाली को जैसे ही बाढ़ अतः है आपदा आती है तो यह पूरे देश से टूट जाता है। हमने एक अल्टरनेट रोड़ में रूप में सोचा है कि अब जोगिंद्रनगर से भुभु जोत टनल का निर्माण करेंगे। उस टनल की डीपीआर बनाने का हमने निर्णय लिया है।*

इस मौके पर देशभर से आए सांस्कृतिक दलों के अलावा लगभग 3 सौ महिला मंडलों ने पारंपरिक वेशभूषा में रंग–बिरंगी झांकियां निकालकर मनाली को राज्य की समृद्ध संस्कृति की झलक से सराबोर कर दिया। झांकियों में सामाजिक संदेशों, लोक परंपराओं और हिमाचली संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस दौरान कार्निवाल परेड को देखने के लिए हज़ारों स्थानीय लोग और पर्यटक सड़कों पर उमड़ पड़े। मनाली विंटर कार्निवाल के दौरान शरद सुंदरी का भी चयन होगा। इस प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़, सुंदर सिंह ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

उद्घाटन

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज मनाली विधानसभा क्षेत्र में 63 करोड़ 55 लाख रूपये की 8 विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार परिवहन क्षेत्र में पारदर्शिता, डिजिटल सुधार, सड़क सुरक्षा, रोज़गार सृजन और हरित मोबिलिटी को प्राथमिकता देकर कार्य कर रही है। अग्निहोत्री आज शिमला में राज्य परिवहन विकास व सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स में हिमाचल का अग्रणी राज्यों में शामिल होना, राज्य सरकार की हरित परिवहन और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार हरित हिमाचल के संकल्प को साकार करने के लिए लगातार कार्य करती रहेगी। उप–मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एम फिटनेस ऐप का शुभारंभ भी किया।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा बीते 3 वर्षों के दौरान लिए गए फैसलों में से एक हज़ार एक सौ 16 निर्णय पूरी तरह से कार्यान्वित किए जा चुके हैं। जगत सिंह नेगी आज शिमला में मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई। जगत सिंह नेगी ने कहा कि शेष रह गए 44 निर्णयों को समयबद्ध लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए, ताकि आम जनता को इनका लाभ मिल सके। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा भी मौजूद रहे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का बतौर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल अत्यंत सफल, सशक्त और संगठनात्मक रूप से ऐतिहासिक रहा है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि नड्डा ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर आसीन होकर जिस कुशलता के साथ संगठन का संचालन किया, वह हर हिमाचलवासी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नड्डा के नेतृत्व में पार्टी ने कठिन से कठिन चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया।

कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि पारदर्शिता लोकतंत्र की आत्मा है। पठानिया आज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर पारदर्शिता, कुशल और नागरिक केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कोई विकल्प नहीं, बल्कि आधुनिक लोकतंत्र की आवश्यकता बन चुकी है। पठानिया ने कहा कि पारदर्शी, कुशल और नागरिक केंद्रित विधायी प्रक्रिया के लिए डिजिटल नवाचारों का विवेकपूर्ण और समावेशी उपयोग अनिवार्य है।

सुरक्षा व्यवस्था

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों और सेना के बीच हुई मुठभेड़ के बाद हिमाचल पुलिस ने खासकर जम्मू–कश्मीर बॉर्डर पर अलर्ट जारी कर दिया है। राज्य की जम्मू–कश्मीर और पंजाब से सटी चंबा ज़िला की सीमाओं पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने कहा कि ज़िले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की गहन जांच की जा रही है और सीमा पर पुलिस के अलावा एस.पी.ओ. की संख्या भी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि ज़िला की सभी सीमाएं सुरक्षित हैं और 24सौ घंटे चौकस है।

मौसम

मौसम विभाग ने कहा है कि हिमालयी क्षेत्र में 21 जनवरी से ताजा पश्चिमी विक्षोभा सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 22 जनवरी को राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले अधिकांश स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। विभाग ने 23 जनवरी को पूरे राज्य में वर्षा और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और बर्फबारी की भी संभावना है। विभाग ने 23 जनवरी को चंबा और कुल्लू ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और तूफान का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में 27 जनवरी तक मौसम के खराब बने रहने की संभावना है।

प्राकृतिक खेती

राजीव गांधी प्राकृतिक खेती–खुशहाल किसान योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉक्टर सुरेश शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को विशेष अधिमान दे रही है। सुरेश शर्मा आज शिमला में हिमालयन एग्रो इकोलॉजी पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों से प्राकृतिक खेती उत्पादों की सीधी खरीद, कृषक आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2 सौ 50 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा रीवर फ्रंट।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– परिवहन क्षेत्र में पारदर्शिता, सड़क सुरक्षा और हरित मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- मंत्रिमंडल द्वारा 3 साल में लिए गए निर्णयों में से एक हज़ार एक सौ 16 निर्णय पूरी तरह लागू।
- जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकी मुठभेड़ के बाद चंबा ज़िला की सीमाओं पर बढ़ाई गई चौकसी।

- प्रदेश में 22 और 23 जनवरी को अधिकांश स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना।